Series : HMJ/5

SET – 2

कोड नं.
Code No. **59/5/2**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **15** printed pages. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिनें हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । | (III) | Please check that this question paper contains **34** questions. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# राजनीति विज्ञान
# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*
*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :**

*(i)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खंडों में विभाजित किया गया है – क, ख, ग, घ और ङ । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड–क** में प्रश्न संख्या **1** से **20** तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **एक** शब्द या **एक** वाक्य परन्तु लगभग **20** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iii)* ***खण्ड–ख** में प्रश्न संख्या **21** से **23** तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **40** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* ***खण्ड–ग** में प्रश्न संख्या **24** से **27** तक दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **100** शब्दों में लिखिए ।*

*(v)* ***खण्ड–घ** में प्रश्न संख्या **28** से **30** तक दो प्रश्न अवतरण पर तथा एक प्रश्न चित्र अथवा कार्टून पर आधारित है । प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है । जिसमें प्रत्येक का उत्तर लगभग **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*प्रश्न संख्या **31** मानचित्र संबंधित है जिसमें महत्त्वपूर्ण स्थानों की पहचान दी गई जानकारी के आधार पर ही की जानी है । इसका उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।*

*(vi)* ***खण्ड–ङ** में प्रश्न संख्या **32** से **34** तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होना चाहिए और साथ ही उपरोक्त शब्द सीमा का यथासंभव पालन कीजिए ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । तथापि, एक-एक अंक वाले एक प्रश्न में, चार-चार अंकों वाले एक प्रश्न में तथा छः-छः अंकों वाले तीनों प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में से **केवल एक ही विकल्प का उत्तर** लिखिए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक अनुभाग और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

### खण्ड – क

1. दिए हुए वाक्य को अर्थपूर्ण बनाने के लिए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।
इंटरनेट वैश्विक ________ ________ का एक उदाहरण है । **½ + ½ = 1**

2. पूर्व सोवियत संघ के किन दो गणराज्यों में हिंसक अलगाववादी आंदोलन चले ? **½ + ½ = 1**

**General Instructions :**

**Read the following instructions very carefully and strictly follow them :**

*(i)* ***This question paper comprises five sections – A, B, C, D** and **E.*** *All questions are compulsory.*

*(ii)* ***Section A** – Q. no. **1** to **20** are very short-answer type questions carrying **1** mark each. They are required to be answered in one word or one sentence each but not exceeding **20** words.*

*(iii)* ***Section B** – Q. no. **21** to **23** are short-answer type questions carrying **2** marks each. Answers to them should not exceed **40** words each.*

*(iv)* ***Section C** – Q. no. **24** to **27** are long-answer type questions carrying **4** marks each. Answers to them should not exceed **100** words each.*

*(v)* ***Section D** – Q. no. **28** to **30** are two passage based questions and one picture OR cartoon based question carrying **5** marks each. Answers to them should not exceed **150** words each.*

*Question No. **31** is a map question that includes identification of important places on the basis given information. Write its answers in your answer-book.*

*(vi)* ***Section E** – Question No. **32** to **34** are long answer type questions carrying **6** marks each. Answer to them should not exceed **150** words each.*

*(vii) Answer should be brief and to the point and the above word limit be adhered to as far as possible.*

*(viii) There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in **1** question of **one** mark, **1** question of **four** marks and **3** questions of **six** marks. Only **one** of the choices in such questions is to be attempted.*

*(ix) However, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## SECTION – A

1. Fill in the blanks to make the given sentence meaningful.
   Internet is an example of Global __________ __________. **½ + ½ = 1**

2. Which two former Soviet Republics had violent secessionist movements ? **½ + ½ = 1**

3. ऐसे दो क्षेत्रों की पहचान कीजिए जिनमें सोवियत संघ, पश्चिमी देशों की तुलना में पीछे था । **½ + ½ = 1**

4. निम्नलिखित में से कौन सा सोवियत संघ के विघटन का परिणाम नहीं था ?
   (a) कई नये देशों का उदय हुआ ।
   (b) रूस एक नई महाशक्ति के रूप में उभरा ।
   (c) विश्व राजनीति में शक्ति संबंधों में बदलाव आया ।
   (d) पूँजीवादी व्यवस्था की जीत हुई । **1**

5. निम्नलिखित वाक्य को अर्थपूर्ण बनाने के लिए पूरा कीजिए :
   द्वितीय विश्व युद्ध तब समाप्त हुआ जब अमरीका ने जापान के ________ और ________ नामक शहरों पर दो परमाणु बम गिराए । **½ + ½ = 1**

   **अथवा**

   1917 की रूसी क्रांति पूँजीवादी व्यवस्था के विरुद्ध ________ आदर्शों और ________ समाज की जरूरत से प्रेरित थी । **2 × ½ = 1**

6. आसियान के झंडे में दर्शाया गया वृत्त किस बात का प्रतीक है ? **1**

7. वैश्वीकरण की प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण योगदान देने वाले सही विकल्प को चुनिए ।
   (a) युद्ध का खतरा
   (b) सुरक्षा को खतरे
   (c) प्रौद्योगिकी का विकास
   (d) संयुक्त राष्ट्र की उपलब्धियाँ **1**

8. निम्नलिखित कथन को ठीक करके अपनी उत्तर-पुस्तिका में दोबारा लिखिए :
   "भारत ने 2002 में क्योटो प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए और इसका अनुमोदन किया तथा इसे क्योटो प्रोटोकॉल की बाध्यताओं को मानने को विवश किया गया क्योंकि भारत में ग्रीन हाऊस गैसों का उत्सर्जन अधिक नहीं था ।" **1**

9. संयुक्त राष्ट्र के मुख्य उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए । **1**

10. आपके विचार में, निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प भारत के लिए बेहतर है और क्यों ?
    सबसे ताकतवर देश के विरुद्ध **अथवा** उसके साथ काम करना । **1**

3. Identify any two fields in which the Soviet Union lagged behind the West. **½ + ½ = 1**

4. Which one of the following was NOT a consequence of disintegration of the USSR ?
   (a) Many new states emerged.
   (b) Russia emerged as a new superpower.
   (c) Power relations in world politics changed.
   (d) The capitalist system emerged as the winner. **1**

5. Complete the following sentence in a meaningful way.
   The second world war ended when the United States dropped two atomic bombs on the Japanese cities of _____ and _____. **½ + ½ = 1**

   **OR**

   The Russian Revolution of 1917 was inspired by the ideals of ________ as opposed to capitalism and the need for an ________ society. **2 × ½ = 1**

6. What does the circle shown in the ASEAN flag symbolize ? **1**

7. Choose the correct option that has significantly contributed to the process of 'Globalization'.
   (a) Fear of war
   (b) Security threats
   (c) Advancement of technology
   (d) Achievements of the United Nations **1**

8. Correct and rewrite the following statement in your answer book.
   "India signed and ratified the Kyoto Protocol in 2002 and was compelled to meet the requirements of the Kyoto Protocol because the emission of green house gases in India was not significant." **1**

9. Explain the main objective of the United Nations. **1**

10. In your opinion, which one of the following is better for India and why ?
    Working against the Hegemon **or** Working with the Hegemon. **1**

11. भारत–चीन युद्ध (1962) से संबंधित, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(a) चीन नियंत्रण रेखा को पार नहीं कर सका ।

(b) संघर्ष के दौरान सोवियत संघ तटस्थ बना रहा ।

(c) सोवियत संघ ने भारत के विरुद्ध चीन की सहायता की ।

(d) चीन ने अपनी सेनाओं को पहले वाली स्थिति में वापिस नहीं बुलाया । **1**

12. द्वितीय पंचवर्षीय योजना के दिशा–निर्देशों के अनुसार, सरकार ने किस प्रकार देसी उद्योगों को संरक्षण देने की कोशिश की ? **1**

13. निम्नलिखित नेताओं में से किसने देसी रियासतों को भारतीय संघ में मिलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई ?

(a) जवाहरलाल नेहरू

(b) सरदार वल्लभभाई पटेल

(c) सी. राजगोपालाचारी

(d) बी.आर. अम्बेडकर **1**

14. 1951 में गठित भारतीय जनसंघ के किन्हीं दो महत्त्वपूर्ण नेताओं के नाम लिखिए । **2 × ½ = 1**

15. मई 1974, में भारत द्वारा प्रथम परमाणु विस्फोट करने के कारण को उजागर कीजिए । **1**

16. बहुजन समाज के सशक्तीकरण का प्रतिपादक और बहुजन समाज पार्टी का संस्थापक किसे समझा जाता है ? **1**

17. असम में बाहरी लोगों के विरुद्ध आंदोलन करने के किसी एक कारण को स्पष्ट कीजिए । **1**

18. मई 1977 में, जनता पार्टी की सरकार ने न्यायाधीश जे.सी. शाह की अध्यक्षता में एक जाँच आयोग का गठन क्यों किया ? **1**

19. मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली सरकार के गिर जाने के मूल कारण का विश्लेषण कीजिए । **1**

20. 1967 के दस–सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत उठाए गए कदमों द्वारा इंदिरा गांधी किस मुख्य उद्देश्य को प्राप्त करना चाहती थीं ? **1**

11. Which one of the following statements related to the Indo-China war (1962) is correct ?
    (a) China could not cross the line of control.
    (b) The Soviet Union remained neutral during the conflict.
    (c) The Soviet Union helped China against India.
    (d) The Chinese forces did not withdraw their troops back to earlier position. **1**

12. According to the guidelines of the Second Five Year Plan, how did the government try to protect the domestic industries ? **1**

13. Which one of the following leaders played an important role in the integration of princely states with India ?
    (a) Jawaharlal Nehru
    (b) Sardar Vallabhbhai Patel
    (c) C. Rajagopalachari
    (d) B.R. Ambedkar **1**

14. Name any two important leaders of the Bharatiya Jana Sangh formed in 1951. **$2 \times ½ = 1$**

15. Highlight the reason behind conducting the first nuclear explosions by India in May 1974. **1**

16. Who is considered to be the proponent of Bahujan Empowerment and Founder of Bahujan Samaj Party ? **1**

17. Explain any one reason for the movement against outsiders in Assam. **1**

18. Why did the Janata Party government appoint a Commission of Inquiry headed by Justice J.C. Shah in May 1977 ? **1**

19. Analyse the root cause of the fall of the government headed by Morarji Desai. **1**

20. What main objective did Indira Gandhi want to achieve by launching a series of initiatives under the Ten Point Programme in 1967 ? **1**

## खण्ड – ख

21. स्तंभ 'A' में दिए गए तथ्यों का स्तंभ 'B' में दिए गए तथ्यों से सही मिलान कीजिए : **4 × ½ = 2**

| स्तंभ 'A' | स्तंभ 'B' |
|---|---|
| (i) नक्सलवादी आंदोलन का एक नेता | (a) फ़ख़रूद्दीन अली अहमद |
| (ii) 1974 में बिहार में छात्र आंदोलन का नेतृत्त्व करने वाला नेता | (b) जगमोहन लाल सिन्हा |
| (iii) 12 जून, 1975 में, इंदिरा गांधी के विरुद्ध निर्णय देने वाले इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश | (c) जयप्रकाश नारायण |
| (iv) 1975 में आपातकाल लागू करने की घोषणा करने वाले राष्ट्रपति | (d) चारू मजूमदार |

22. वैश्विक सुरक्षा की धारणा को जन्म देने वाले प्रमुख कारण को उजागर कीजिए । **2**

23. गुट निरपेक्ष आंदोलन के किन्हीं चार संस्थापक नेताओं के नाम लिखिए । **4 × ½ = 2**

## खण्ड – ग

24. "यूरोपीय संघ एक अति प्रभावशाली क्षेत्रीय संगठन है ।" किन्हीं चार उपयुक्त तर्कों द्वारा इस कथन को न्यायोचित ठहराइए । **4 × 1 = 4**

25. भारतीय जनसंघ की विचारधारा की कोई चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए । **4 × 1 = 4**

26. भारत की परमाणु नीति की कोई चार विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए । **4 × 1 = 4**

**अथवा**

1999 में हुई कारगिल की लड़ाई के कारण तथा परिणामों की व्याख्या कीजिए । **2 + 2 = 4**

27. भारत में अन्य पिछड़ी जातियों के राजनीतिक उदय के प्रभाव का विश्लेषण कीजिए । **4**

## खण्ड – घ

28. दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

आपातकाल का विरोध जनता पार्टी को कुछ ही दिनों के लिए एकजुट रख सका । इस पार्टी के आलोचकों ने कहा कि जनता पार्टी के पास किसी दिशा, नेतृत्त्व अथवा एक साझे कार्यक्रम का अभाव था । जनता पार्टी की सरकार कांग्रेस द्वारा अपनाई गई नीतियों में कोई बुनियादी बदलाव नहीं ला सकी । जनता पार्टी बिखर गई और मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली सरकार ने 18 माह में ही अपना बहुमत खो दिया । कांग्रेस पार्टी के समर्थन पर दूसरी सरकार चरण सिंह के नेतृत्व में बनी ।

(i) जनता पार्टी सरकार किस वर्ष में सत्ता में आई ?

(ii) जनता पार्टी में बिखराव के लिए उत्तरदायी किन्हीं दो कारणों का विश्लेषण कीजिए ।

(iii) चरण सिंह सरकार मात्र चार महीने के लिए ही क्यों सत्ता में रह सकी ? **1 + 2 + 2 = 5**

## SECTION – B

21. Match correctly the following in Column 'A' with those in Column 'B'. **4 × ½ = 2**

| Column 'A' | Column 'B' |
|---|---|
| (i) Leader of the Naxalite Movement | (a) Fakhruddin Ali Ahmed |
| (ii) The leader who led the students movement in Bihar in 1974 | (b) Jagmohan Lal Sinha |
| (iii) The judge of Allahabad High Court who passed a judgement against Indira Gandhi on 12th June, 1975 | (c) Jayaprakash Narayan |
| (iv) The President who issued the proclamation of emergency in 1975. | (d) Charu Majumdar |

22. Highlight the main reason that led to the emergence of the idea of Global security. **2**

23. Name any four founder leaders of the NAM. **4 × ½ = 2**

## SECTION – C

24. "European Union is a highly influential regional organization." Justify the statement with any four suitable arguments. **4 × 1 = 4**

25. Describe any four features of the ideology of the Bharatiya Jana Sangh. **4 × 1 = 4**

26. Explain any four features of the India's Nuclear Policy. **4 × 1 = 4**

**OR**

Explain the cause and consequences of the Kargil Conflict of 1999. **2 + 2 = 4**

27. Analyse the impact of political rise of Other Backward Classes in India. **4**

## SECTION – D

28. Read the given passage carefully and answer the questions that follow :


The opposition to Emergency could keep the Janata Party together only for a while. Its critics felt that the Janata Party lacked direction, leadership, and a common programme. The Janata Party Government could not bring about a fundamental change in policies from those pursued by the Congress. The Janata Party split and the government which was led by Morarji Desai lost its majority in less than 18 months. Another government headed by Charan Singh was formed on the assurance of the support of the Congress party.

(i) In which year did the Janata Party government come to power ?

(ii) Analyse any two reasons responsible for the split of the Janata Party.

(iii) Why could the Charan Singh government remain in power for just about four months only ? **1 + 2 + 2 = 5**

29. नीचे दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :




(a) चीन जैसे विशाल देश में साइकिलों का क्या महत्त्व है ?

(b) साइकिल के दोनों पहियों में दिखाए गए चिन्हों द्वारा दिए जा रहे संदेश को उजागर कीजिए ।

(c) किन्हीं दो उदाहरणों की सहायता से दर्शाइए कि चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था को दूसरे देशों के लिए कैसे खोला ? **1 + 2 + 2 = 5**

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए** प्रश्न संख्या **29** के स्थान पर है :

(29.1) अपनी अर्थव्यवस्था के पहले मॉडल के अंतर्गत, चीन ने विदेशी मुद्रा की कमी को पूरा करने के लिए क्या उपाय किया ?

(29.2) चीन द्वारा अपनी अर्थव्यवस्था को अन्य देशों के लिए खोलने के कोई दो कारण उजागर कीजिए ।

(29.3) अपनी अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए चीन द्वारा किए गए कोई दो सुधार उजागर कीजिए ।

**1 + 2 + 2 = 5**

30. नीचे दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :


संयुक्त राष्ट्रसंघ में थोड़ी कमियाँ हैं लेकिन इसके बिना दुनिया और बदहाल होगी । आज विभिन्न समाजों और मसलों के बीच आपसी तार जुड़ते जा रहे हैं । इसे 'पारस्परिक निर्भरता' का नाम दिया जाता है । इसे देखते हुए यह कल्पना करना कठिन है कि संयुक्त राष्ट्रसंघ जैसे संगठन के बिना विश्व के सात अरब से भी ज्यादा लोग कैसे रहेंगे । प्रौद्योगिकी यह सिद्ध कर रही है कि आने वाले दिनों में विश्व में पारस्परिक निर्भरता बढ़ती जाएगी । इसलिए, संयुक्त राष्ट्रसंघ का महत्त्व भी निरंतर बढ़ेगा । लोगों को और सरकारों को संयुक्त राष्ट्रसंघ तथा दूसरे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के समर्थन और उपयोग के तरीके तलाशने होंगे – ऐसे तरीके जो उनके हितों और विश्व बिरादरी के हितों से व्यापक धरातल पर मेल खाते हों ।

(i) संयुक्त राष्ट्र की ऐसी दो कमियों की पहचान कीजिए जिनके कारण इसे अपूर्ण कहा जाता है ।

(ii) यदि संयुक्त राष्ट्र न हो तो दुनिया और अधिक बदहाल कैसे हो जाएगी ? स्पष्ट कीजिए ।

(iii) विश्व में पारस्परिक निर्भरता का कोई एक उदाहरण दीजिए । **2 + 2 + 1 = 5**

29. Study the cartoon given below carefully and answer the following questions :




(a) What is the significance of bicycles in a large country like China ?

(b) Highlight the message being given by the symbols shown in the two wheels of the bicycle.

(c) Show with the help of any two examples how China has opened its economy to other countries. **1 + 2 + 2 = 5**

**Note :** The following questions are for the **visually impaired** candidates only in lieu of question number **29**.

(29.1) What measure was adopted by China to overcome the shortage of foreign exchange under its earlier model of economy ?

(29.2) Highlight any two reasons for China to open its economy to other countries.

(29.3) Highlight any two reforms made by China to grow its economy.

**1 + 2 + 2 = 5**

30. Study the passage given below carefully and answer the questions that follow :


The UN is an imperfect body, but without it the world would be worse off. Given the growing connections and links between societies and issues – what we often call 'interdependence' – it is hard to imagine how more than seven billion people would live together without an organization such as the UN. Technology promises to increase planetary interdependence, and, therefore, the importance of the UN will only increase. Peoples and governments will have to find ways of supporting and using the UN and other international organisations in ways that are consistent with their own interests and the interests of the international community more broadly.

(i) Identify any two limitations of the United Nations that make it an imperfect body.

(ii) How would the world be worse off, if there were no United Nations ? Explain.

(iii) Give any one example of planetary interdependence. **2 + 2 + 1 = 5**

31.




भारत के दिए गए रेखा मानचित्र में पाँच राज्यों को Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ और Ⓔ द्वारा दर्शाया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर पुस्तिका में उनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए।

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |


(i) वह राज्य, जिससे काट कर हरियाणा बनाया गया।

(ii) वह राज्य जो 1963 में गठित किया गया था।

(iii) वह राज्य जिससे काट कर झारखंड बनाया गया।

(iv) वह राज्य जिसे मद्रास (अब तमिलनाडु) से, तेलुगु भाषी क्षेत्रों को अलग करके, बनाया गया था।

(v) वह राज्य जहाँ 1957 में कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार बनी। **5 × 1 = 5**

31. 


In the given political outline map of India, five states have been marked as (A), (B), (C), (D) and (E). Identify these states on the basis of information given below and write their correct names in your answer book along with the respective serial number of the information used and the concerned alphabet given in the map as per the following format.

| Sr. No. of the Information used | Concerned Alphabet | Name of the State |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) The State from which Haryana was carved out.
(ii) The State which was created in 1963.
(iii) The State from which Jharkhand was carved out.
(iv) The State which was formed by separating Telugu speaking areas from Madras (now Tamil Nadu).
(v) The State where the Communist Party Government was formed in 1957.

**5 × 1 = 5**

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए** प्रश्न संख्या **31** के स्थान पर हैं (मानचित्र प्रश्न) :

(31.1) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ कांग्रेस पार्टी 1967 के विधान-सभा चुनावों में बहुमत प्राप्त नहीं कर पाई ।

(31.2) दिसम्बर 1952 में कौन सा राज्य गठित किया गया था ?

(31.3) झारखंड को किस राज्य से काट कर बनाया गया ?

(31.4) उस राज्य का नाम लिखिए जो पहले आंध्र प्रदेश का एक भाग था ।

(31.5) लाल डेंगा भारत के कौन से राज्य का नेता रहा है ? **5 × 1 = 5**

## खण्ड – ङ

32. शीत युद्ध के किन्हीं चार कारणों को स्पष्ट कीजिए । **4 × 1½ = 6**

**अथवा**

शॉक थेरैपी के किन्हीं चार परिणामों की व्याख्या कीजिए । **4 × 1½ = 6**

33. क्या आप सहमत हैं कि लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने की दिशा में जन आंदोलन एक महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं ? किन्हीं तीन उपयुक्त तर्कों द्वारा अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए । **3 × 2 = 6**

**अथवा**

1979 से 1985 तक चला असम आंदोलन बाहरी लोगों के खिलाफ़ चले आंदोलनों का सबसे अच्छा उदाहरण है । इस कथन के समर्थन में उपयुक्त तर्क दीजिए । **6**

34. वैश्विक पर्यावरणीय मुद्दों पर भारत के पक्ष का वर्णन कीजिए । **6**

**अथवा**

वैश्वीकरण के किन्हीं छः परिणामों का वर्णन कीजिए । **6 × 1 = 6**

**Note :** The following questions are for **Visually impaired candidates** only in lieu of Qn. 31 (Map Question) :

(31.1) Name the State where the Congress Party could not win majority in 1967 Assembly elections.

(31.2) Which State was formed in December 1952 ?

(31.3) From which State was Jharkhand carved out ?

(31.4) Name the State which had been earlier part of Andhra Pradesh.

(31.5) Lal-Denga was the leader of which Indian State ? **5 × 1 = 5**

## SECTION – E

32. Explain any four causes of the cold war. **4 × 1½ = 6**

**OR**

Explain any four consequences of shock-therapy. **4 × 1½ = 6**

33. Do you agree that popular movements go a long way in strengthening democracy ? Justify your answer by giving any three suitable arguments. **3 × 2 = 6**

**OR**

The Assam Movement from 1979 to 1985 is the best example of the movements against 'outsiders'. Support the statement with suitable arguments. **6**

34. Describe India's stand on global environmental issues. **6**

**OR**

Describe any six consequences of globalization. **6 × 1 = 6**